दिनांक-13मार्च2020

स्वच्छ भारत अभियान — स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

वार्ड 29 बापू नगर में अंबेडकर भवन के बाउंड्री वाल का होगा रंग रोगन एवं मंच का संधारण तथा वार्ड क्रमांक 30 बालाजी नगर शीतला मंदिर के बाजू में होगा भवन निर्माण, महापौर देवेन्द्र यादव ने नागरिकों से कराया कार्य का भूमिपूजन

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के वार्ड 29 बापूनगर खुर्सीपार में मंच संधारण एवं बाउंड्री वॉल की पुताई और वार्ड 30 बालाजी नगर ज्योति भवन निर्माण के लिए महापौर एवं विधायक देवेन्द्र यादव ने स्थानीय पार्षद, एल्डरमेन व क्षेत्र के नागरिकों की उपस्थिति में सुबह 9 बजे भूमिपूजन के लिए पहुंचे और स्थानीय नागरिकों से कार्य का भूमि पूजन कराया। जोन 04 क्षेत्र के अंतर्गत दो अलग-अलग स्थान पर महापौर द्वारा अधोसंरचना मद से किए जाने वाले कार्य के लिए आठ लाख राशि की स्वीकृति कराई गई है। क्षेत्र में अम्बेडकर भवन के मंच का संधारण, बाउंड्रीवाल के रंग-रोगन कार्य और सामुदायिक भवन बनने की पुरानी मांग पूरा होने पर नागरिकों ने महापौर का आभार व्यक्त किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर व विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव ने आज सुबह दोनों स्थानों पर हुए भूमिपूजन को स्थानीय नागरिकों के हाथों से कराए और संबोधित करते हुए कहा कि निगम प्रशासन निगम के सभी क्षेत्रों में विकास कार्य के लिए हर संभव प्रयासरत है। भूमि पूजन के पश्चात महापौर श्री यादव ने निगम के अधिकारियों को शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ करने कहा। कार्यक्रम के अंत में महापौर देवेन्द्र यादव ने क्षेत्र के नागरिकों से मुलाकात किए इस दौरान वार्ड के नागरिकों ने महापौर को अपनी समस्याओं से अवगत कराया जिसे महापौर ने जल्द पूरा अधिकारियों को निर्देश दिए। भूमिपूजन कार्यक्रम में पार्षद जी.राजू, एल्डरमेन बबीता भैसारे, डी. नागमणि, डी. कामराजू उपस्थित रहे !